**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## राज्यपाल ने मुलायम सिंह यादव के आवास जाकर जन्मदिन की बधाई दी

लखनऊः 22 नवम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज वरिष्ठ समाजवादी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद श्री मुलायम सिंह यादव के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास जाकर उन्हें 79वें जन्मदिवस की बधाई दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। राज्यपाल ने उन्हें पुष्प गुच्छ भी भेंट किया। श्री मुलायम सिंह यादव ने राज्यपाल का स्वागत गर्मजोशी से पोर्टिको में आकर किया तथा अपनी तरफ से भी गुलदस्ता भेंट किया।

श्री नाईक एवं मुलायम सिंह यादव ने संसद में साथ काम किया है। राज्यपाल जब पेट्रोलियम मंत्री थे तब श्री मुलायम सिंह यादव पेट्रोलियम मंत्रालय परामर्शदाता समिति के अध्यक्ष थे। इस अवसर पर उन्होंने पुरानी यादों को भी ताजा किया।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (436/23)







